advertisers and advertising companies and manufacturers which may be implemented by the new national Consumer Commission with the help of consumer and voluntary health organisations;

(c) whether any clearance committee is likely to be set up for advertisements on TV and AIR; and

(d) what is the total TV revenue earned by Doordarshan from advertisments regarding Pan Masala, Foods, Soft drinks and their sponsored programme and from cigarette manufacturers?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI H. K. L. BHAGAT): (a) No such representation appears to have been received.

(b) and (c) Government has already prescribed Codes for acceptance of commercial advertisements on Doordarshan and All India Radio. It is ensured that only advertisements which conform to these Codes are accepted for telecast/broadcast.

(d) Doordarshan does not compile figures of revenue from advertisements product wise. Doordarshan also does not accept advertisements of Cigarette and Tobacco products.

उत्तर प्रदेश में भविष्य निधि से सम्बन्धित मामलों को निपटाने के लिये विशेष न्यायालय

2255. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के अधीन बड़ी संख्या में मामले लम्बित पड़े हैं जिससे कर्मचारियों को बड़ी दिक्कत आ रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार से लम्बित मामलों की कुल संख्या कितनी है और वे कितनी अवधि से लम्बित पड़े हैं; और

(ग) क्या सरकार इन मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए राज्य में विशेष न्यायालय स्थापित करने पर विचार कर रही है ;

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) और (ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार 31-3-87 को उत्तर प्रदेश में कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम के अधीन दायर किए गए 2767 मामले लंबित थे। लंबित मामलों का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

I. 6 महीने से कम	1156
II. 6 महीने से एक वर्ष तक	653
III. एक वर्ष से दो वर्षों तक	462
IV. दो वर्षों से अधिक	496
योग :	2767

(ग) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

उत्तर प्रदेश में अभाव की स्थिति

2256. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में अभी भी अभाव की स्थिति बनी हुई है ;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश के किन-किन क्षेत्रों को सूखा ग्रस्त घोषित किया गया है ; और

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा राहत के लिए कितनी सहायता राशि प्रदान की गई है और भविष्य में कितनी सहायता राशि दिये जाने का प्रस्ताव है ?